प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 27.05.2025 समय : 01:00 पी.एम.

000000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज गांधीनगर में 'ऑपरेशन सिंदूर सम्मान यात्रा' को हरी झंडी दिखाई, जिसमें लोगों ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लियां राजभवन से शुरू हुई ये यात्रा महात्मा मंदिर तक पंहुचीं यात्रा में बडी संख्या में लोगों ने भाग लियां इस दौरान गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल शामिल रहें

0000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज शाम राष्ट्रपति भवन में दूसरे नागरिक अलंकरण समारोह में पद्म पुरस्कार प्रदान करेंगीं देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कारों में से एक– पद्म पुरस्कार, तीन श्रेणियों में प्रदान किए जाते हैं – पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्रीं ये पुरस्कार कला, सामाजिक कार्य, सार्वजनिक मामले, विज्ञान और इंजीनियरिंग, व्यापार और उद्योग, चिकित्सा, साहित्य और शिक्षा, खेल तथा प्रशासनिक सेवा सहित विभिन्ना विषयों और क्षेत्रों में दिए जाते हैं गौरतलब है कि पहले चरण के पुरस्कार 28 अप्रैल को दिये गये थें इनमें राजस्थान की मांड गायिका बतूल बेगम, शायर शीनकाफ निज़ाम और बैजनाथ महाराज शामिल हैं

0000

देश के पहले प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू की पुण्यतिथि पर आज उन्हें श्रद्धा पूर्वक याद किया जा रहा हैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में पं. नेहरू को श्रद्धाजंलि अर्पित की हैं कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी अपने सोशल मीडिया पोस्ट में उन्हें नमन करते हुए लिखा कि उनके आदर्श सदैव मार्गदर्शन करते रहेंगें

0000

प्रदेश में चिकित्सा विभाग की ओर से फलों और सब्जियों में मिलावट के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा हैं 30 मई तक चलने वाले इस अभियान के तहत फलों और सब्जियों को कृत्रिम रूप से पकाने और संरक्षित करने के काम में लिये जा रहे रसायनों की जांच की जा रही हैं इसी क्रम में कल बीकानेर की पूगल रोड स्थित सब्जी मंडी में 15 प्रतिष्ठानों पर खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने फल और सब्जियों के नमूने इकट्ठे किएं जांच के दौरान 28 किलो सड़े आम और 60 किलो तरबूज मौके पर ही नष्ट करवाए गएं सवाईमाधोपुर में भी बजरिया स्थित सब्जी मंडी से जांच के लिये फलो के नमूने लिये गयें इसी तरह झालावाड में भी विभिन्न फल विक्रेताओं पर कार्रवाई की गईं

0000

प्रदेश में निशुल्क कोचिंग के लिये चलाई जा रही मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना के तहत दूसरे चरण की मैरिट सूची जारी कर दी गई हैं चयनित अभ्यर्थी 2 जून तक अपनी उपस्थिति कोचिंग संस्थानों में दे सकेंगें सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग के संयुक्त शासन सचिव बचनेश अग्रवाल ने बताया कि इस बार पहले चरण में प्रतीक्षा सूची में सम्मिलित सभी पात्र अभ्यर्थियों को मौका दिया गया हैं

गौरतलब है कि इस योजना के तहत विभिन्न प्रोफेशनल कोर्स के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी कराने के लिए सूचीबद्ध कोचिंग संस्थानों में निशुल्क कोचिंग दी जाती हैं इसके साथ ही सरकारी नौकरियों के लिए आयोजित होने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं की भी तैयारी करायी जाती हैं

0000

केंद्रीय शिक्षुता परिषद–सीएसी ने राष्ट्रीय शिक्षुता संवर्धन योजना और राष्ट्रीय शिक्षुता प्रशिक्षण योजना के तहत युवाओं को दी जाने वाली छात्रवृत्ति में 30 प्रतिशत की बढोतरी की सिफारिश की हैं इस सिफारिश का उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों में अधिक उम्मीदवारों को आकर्षित करना हैं

0000

सवाईमाधोपुर स्थित रणथंभौर दुर्ग और त्रिनेत्र गणेश मंदिर जाने वाला रास्ता श्रद्धालुओं के लिए एक बार फिर से खोल दिया गया हैं वन विभाग के अनुसार दुर्ग और मंदिर मार्ग पर बाघ का मूवमेन्ट नहीं होने के कारण श्रद्धालुओं को दर्शन की अनुमति दी गई हैं हालांकि पहले की तरह अब भी सवाई माधोपुर जिले के पंजीकृत वाहन और टैक्सी वाहनों को ही आवागमन की अनुमति होगीं गौरतलब है कि पिछले महीने 16 अप्रैल को दुर्ग के रास्ते में बाघिन के हमले से 7 वर्ष के बच्चे की मृत्यु के बाद इसे बंद कर दिया गया थां

इसके बाद एक बार फिर इसी महीने 11 तारीख को वन विभाग के डिप्टी रेंजर की भी बाघ हमले में मृत्यु हो गई थीं सुरक्षा कारणों के मद्देनजर दर्शानार्थियों के लिए आवागमन बंद कर दिया गया थां

0000

प्रदेश में पिछले 24 घंटों के दौरान कुछ स्थानों पर हल्की बरसात दर्ज की गईं सबसे अधिक 20 मिलीमीटर बरसात बांसवाडा के कुशलगढ में हुईं वहीं  राज्य के पश्चिमी हिस्सों में कहीं कहीं हीटवेव दर्ज हुईं सबसे अधिक 45.2 डिग्री सेल्सियस तापमान बाडमेर में रिकॉर्ड हुआं मौसम विभाग के अनुसार आज उदयपुर, भरतपुर, जयपुर और बीकानेर संभाग में कहीं–कहीं बारिश की संभावना हैं वहीं अगले 36 घंटों में अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सैल्सियस की बढोतरी हो सकती हैं

0000